वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 17.11.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",अमर उजाला, आज, राष्ट्रीय सहारा, जनसंदेश टाइम्स, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

उमर उजाला–दि0 17.11.2024

वीडीए टीम ने चार बीघा अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई

वाराणसी। वीडीए की टीम ने शनिवार को जोन पांच में चार बीघा अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ कार्रवाई की। वीडीए वीसी पुलकित गर्ग ने बताया कि रामनगर क्षेत्र के अलीनगर के खजूरगांव में अज्ञात लोगों की चार बीघा जमीन पर हो रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया। ब्यूरो

आज–दि0 17.11.2024

अवैध प्लाटिंग पर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर अभियंताओं की टीम ने शनिवार को वार्ड रामनगर के मौजा-खजुर गांव में चार बीघा जमीन पर प्लाटिंग कर रहे कास्तकार के ऊपर काररवाई की। मौके पर पहुंचे जोनल अधिकारी, अवर अभियंता परमानंद दूबे, प्रवर्तन दल सहित सुपरवाइजर और स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में प्रवर्तन दल की टीम ने प्लाटिंग पर हुये निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

राष्ट्रीय सहारा–दि0 17.11.2024

वीडीए ने अवैध प्लाटिंग पर चलाया बुलडोजर

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर विकास प्राधिकरण जोन-5 की प्रवर्तन टीम ने शनिवार को अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। रामनगर वार्ड के अलीनगर थाना अन्तर्गत अज्ञात प्लाटिंगकर्ता की तरफ से.मौजा- खजूर गांव, जिला-चंदौली में लगभग 4 बीघा अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। प्लाटिंगकर्ता की तरफ से किये गये अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया। मौके पर.जोनल अधिकारी प्रकाश, अवर अभियंता परमानंद दुबे, प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।

वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

जनसंदेश टाइम्स–दि0 17.11.2024

मानचित्रों की प्रकरणवार वीडीए ने की समीक्षा,वसूले करोड़ों

मीटिंग

सचेत रहे अधिकारी लापवाही पर होगी कार्रवाई

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। वीडीए ने शहर के कई वार्डों के मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा की और करोड़ो रूपया शमन शुल्क वसूला। अपर सचिव डॉ० गुडाकेश शर्मा ने बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया,वही सील प्रकरणों की जांच कराने, बेसमेण्ट खाली कराने और पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा।

उन्होंने जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में शमन शुल्क के मद में वित्तीय वर्ष-2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-6,54,17,564,00 जमा कराये जाने और अभी भी कुल 18 बकायेदारों के सापेक्ष कुल रू0-1,90,47,435.00 बकाया रहने पर जहां नाराजगी जाहिर की ,वही जोन-2, के वार्ड-सारनाथ, जैतपुरा, आदमपुर एवं विन्यास में शमन धनराशि रू0-6,20,97, 101.00 जमा होने परन्तु अभी भी कुल 143 बकायेदारों के सापेक्ष कुल रू. 5,60,10,661.00 बकाया रहने में वसूली तेज किये जाने और विलम्बतम 15 दिवस में जमा कराने हेतु फील्ड स्टाफ एवं अवर अभियन्ता को निर्देशित किया। अपर सचिव ने जोनल अधिकारी को स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कारवाई करने को कहा और जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया। दस दौरान उन्होंने अधिकारियो को सचेत किया कि 01 सप्ताह में जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिंहकन करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कराने हेतु निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर जोन-1 के जोनल अधिकारी, सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियन्ता, अतुल मिश्रा, भवन लिपिक अजय कुमार श्रीवास्तव एवं जोन-2 के जोनल अधिकारी, संजीव कुमार एवं अवर अभियन्ता, विनोद कुमार सहित भवन लिपिक, रक्षित रघुवंशी एवं फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।

वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

न्यायाधीश—दि0 17.11.2024

अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी

वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-5 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी। इसके तहत वार्ड- रामनगर, थाना- अलीनगर के अन्तर्गत अज्ञात प्लाटिंगकर्ता द्वारा मौजा-खजूरगाँव, जिला-चंदौली में लगभग 4 बीघा अवैध प्लाटिंग किये जा रहे है, प्लाटिंगकर्ता द्वारा किये गये अवैध प्लाटिंग को आज 16.11.2024 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी श्री प्रकाश, अवर अभियन्ता श्री परमानंद दुबे, प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख कार्यवाही की जायेगी।